प्रेस नोट

दिनांक 26.10.2024

मौदहा में "रेड स्कीम" के तहत पुलिस बल के साथ पैदल गश्त एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

आज दिनांक 26.10.2024 को अपर जिला अधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने पुलिस बल के साथ कस्बा मौदहा में "रेड स्कीम" के अंतर्गत पैदल गश्त किया। इसका उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना और संभावित अराजक तत्वों पर निगरानी रखना है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी हमीरपुर व अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण करते हुए सभी सुरक्षा प्वाइंट्स का निरीक्षण किया और तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ भी तैयारी का जायजा लिया। "रेड स्कीम" के अंतर्गत सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे सख्त निगरानी रखें और नागरिकों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने में कोई कसर न छोड़ें। जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाना है, ताकि नागरिक भयमुक्त वातावरण में रह सकें और किसी भी असामाजिक गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा सके।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी मौदहा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

POLICE

POLICE

चाट कॉर्नर